उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0,
मुख्यालय, 2—महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ

International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

पीबीएक्स 0522—4151200
फ़ैक्स 0522—2629284
ई.मेल upcb.bkg@upscb.com

पत्रांक : बैंकिंग / 2024—25 / एफ—236 / 444
दिनाँक : 31 जनवरी, 2025

शाखा प्रबन्धक / मुख्य प्रबन्धक,
उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0,
समस्त शाखायें,
उ0प्र0।

विषयः उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0 द्वारा शाखाओं के माध्यम से व्यवसाय विविधीकरण योजनान्तर्गत वितरित किये जा रहे ऋणों (एमएसएमई / एफपीओ / एमवाईएसवाई / पीएमएफएमई को छोड़कर) पर यूनाईटेड नेशन्स द्वारा वर्ष 2025 को इण्टरनेशनल ईयर ऑफ कोआपरेटिव्स घोषित किये जाने के कारण परिपत्र निर्गत होने की तिथि से 31.12.2025 तक वर्तमान में देय प्रोसेसिंग फीस को माफ किये जाने के सम्बन्ध में।

बैंक की प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक--16.01.2025 में पारित प्रस्ताव सं0--18 के कम में यूनाईटेड नेशन्स द्वारा वर्ष 2025 को इण्टरनेशनल ईयर ऑफ कोआपरेटिव्स घोषित किये जाने के कारण युवाओं, महिलाओं एवं अन्य ऋण ग्राहकों को आकर्षित करने हेतु व्यवसाय विविधीकरण योजनान्तर्गत वितरित किये जा रहे ऋणों पर (एमएसएमई / एफपीओ / एमवाईएसवाई / पीएमएफएमई को छोड़कर) परिपत्र निर्गत किये जाने की तिथि से दिनांक—31.12.2025 तक ग्राहकों से प्रोसेसिंग फीस चार्ज नहीं की जायेगी अर्थात् इस अवधि में प्रोसेसिंग फीस माफ रहेगी। अग्रेतर दिनांक--01.01.2026 से वितरित किये जाने वाले ऋणों पर पूर्व की भांति प्रोसेसिंग फीस ली जायेगी।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त का प्रचार—प्रसार करते हुए शाखा स्तर पर अधिक से अधिक ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें।

31.01.25

(आर0के0 कुलश्रेष्ठ)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, उत्तर प्रदेश।
2. प्रोजैक्ट मैनेजर, मेगासॉफ्ट प्रा0 लि0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे उपरोक्तानुसार सीबीएस सॉफ्टवेयर में संशोधन कराना सुनिश्चित करें।
3. श्री राहुल श्रीवास्तव, प्रबन्धक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि वे उक्त परिपत्र को बैंक की वेब साईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. निदेशक, कृषि सहकारी स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान, 472 रिंग रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
5. समस्त महाप्रबन्धक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर—अध्यक्ष प्रकोष्ठ, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0 मुख्यालय, लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।

31.01.25
प्रबन्ध निदेशक